## मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में विश्व हाथी दिवस 2025 का आयोजन

मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में आज दिनांक 12 अगस्त, 2025 को **विश्व हाथी दिवस 2025** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हाथियों का संरक्षण तथा मानव–हाथी संघर्ष से संबंधित जागरूकता बढ़ाना था।

वन्यप्राणी प्रभाग के डॉ. मयंक मकरंद वर्मा द्वारा संस्थान में चल रहे Human-Elephant conflict project की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत The majestic journey of Elephants : Evolution, Culture and Conservation विषय पर सुश्री हर्षिता एवं श्री सत्यदीप नाग ने पावर पांईट प्रस्तुतीकरण एवं डाक्यूमेंट्री के माध्यम से हाथियों से जुडे विभिन्न पहलुओं, संरक्षण रणनीतियों एवं संघर्ष निवारण उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सूरज सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी अमला उपस्थित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संदीप फैलोज, उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख ने की। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. अवधेष शर्मा, डॉ. अंजना राजपूत, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. उदय होमकर, डॉ. जी.एस. मिश्रा, श्रीमती ऋचा सेठ, डॉ. सचिन दीक्षित, अमित पांडेय, राकेश जैन, बसंत रजक, प्रवीन्द्र ग्वालवंश, डॉ. शैलेन्द यादव एवं सुश्री दिलशाद मसीह मुख्य रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने हाथियों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा मानव–हाथी संघर्ष को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।










# MP State Forest Research Institute, Jabalpur

**Organized**

**A One-day Event as Part of Efforts to Save Elephants on the Occasion of**

## World Elephant Day 2025

